अमर उजाला 04/05/2025

विद्यार्थियों ने मंच पर दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज पहुंचे विद्यार्थी। विज्ञप्ति

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में संगीत विभाग और सांस्कृतिक समिति के छात्रों ने दूरदर्शन पर शानदार हरियाणवी आर्केस्ट्रा प्रस्तुत कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने संगीत वादन विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल पूनिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि दूरदर्शन एक सार्वजनिक मंच पर छात्रों को शैक्षिक औरसांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है, जिससे निश्चित तौर पर लोगों में कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है और संगीत की विरासत को बचाने और प्रसारित करने का काम होता है।